मात्रा निर्धारित नहीं की है । इसके अलावा, भारतीय खाद्य निगम को शुरू में गेहूं की खुली बिक्री हेतु निर्धारित किए गए वर्तमान मूल्यों पर राज्य व्यापार निगम को केन्द्रीय पूल से निर्यात के प्रयोजन से 50,000 मीटरी टन गेहूं बेचने के लिए प्राधिकृत किया गया है । भारतीय खाद्य निगम के स्टाक से चावल का निर्यात करने के सम्बन्ध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

(घ) भारतीय खाद्य निगम पहले ही खुले बाजार में गेहूं और चावल, दोनों की बिक्री कर रहा है । अप्रैल, से नवम्बर, 1994 तक की अवधि के दौरान अब तक खुले बाजार में लगभग 15.53 लाख मीटरी टन गेहूं और लगभग 1.79 लाख मीटरी टन चावल बेचा जा चुका है ।

Levy Sugar

510. SHRl KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of FOOD be pleased to state:

(a) whether it is a fact that ths latio of levy sn,ga$_r$ has at present come down from 65% to 45%;

(bj whether it is also a fact that tin-price of levy sugar which was once Rs. 3.75 per K'logram is now at the level of Rs. 9.05 per Kilogram;

l

(c) whether it is ateo a fact thai sugar industry produces bagasse, molasses and press mud which fetch a good price for sugar industry; and

(d) if so, the reasons, for which the industry is incurring losses?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD (SHRT KALP NATH RAI): (a) Yes, Sir. The ratio of levy sugar has come down from 65 and is presently at 40%.

(b) Yes, Sir.

(«' Bagasse, Press mud and mohsses are ©/-products of the sugar industry. Most factories burn the entire bagasse for steam generation during the crush/n,.* season. Press niud is a good fertilizer a'nd is usually given to the farmers free of cost. Few factories even manage to sell some press mud and bagasse. Molasses was decontrolled, both with respect to prices and distribut-'on on 10.6.1993 and does fetch $_a$ good price for tbe sugar industry.

(d) Losses could be due to a variety of factors, such as inadequate caue availability, size, age and cotoditon of plant and machinery, technical and managerial competence, excessively high cane price not commensurate with sa'es . real'sations$_t$ etc.

चीनी विकास निधि में से चीनी मिलों को धनराशि का वितरण

511. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन** : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीनी मिलों में चीनी का उत्पादन बढ़ाने के लिए चीनी विकास निधि में से 15 जुलाई, 1993 और 30, जून, 1994 के बीच बहुत बड़ी धनराशि वितरित की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या वर्ष 1989-90 में गन्ने की हुई उपज की तुलना में वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93 और 1993-94 में गन्ने की प्रति हेक्टेयर उपज में कमी आयी है ;

(घ) यदि नहीं, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और 1990-91, 1992-93 और 1993-94 के दौरान गन्ने का प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादन कितना था ; और

(ङ) आंठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान गन्ने के औसत उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?